स्कूल शिक्षा विभाग ने राजकीय विद्यालयों में भौतिक संसाधन उपलब्धता कराने में विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों, कारपोरेट, गैर सरकारी संगठन एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों सहित व्यक्तिगत दानदाता व भामाशाहों को सहायता प्रदान करने में भौगोलिकता व दूरी की कठिनाईयां को दूर करते हुए एक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म ज्ञान संकल्प पोर्टल (www.gyansankalp.nic.in) तथा कोष मुख्यमंत्री विद्यादान कोष को 05 अगस्त 2017 से प्रारंभ किया है। मुख्यमंत्री विद्यादान कोष में ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से तथा ऑफलाइन सहयोग राशि प्रदान की जा सकती है। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से भामाशाह और औद्योगिक घराने कॉर्पोरेट सोश्यल रेस्पोंसेबिलिटी (सीएसआर) के तहत जुड़कर सीधे राजस्थान सरकार को शिक्षा में किए जा रहे नवाचारों एवं आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाने में अपना सहयोग दे सकते है।

दानदाता/भामाशाह/सीएसआर के अन्तर्गत कार्य करने वाली कम्पनियां ज्ञान संकल्प पोर्टल पर उपलब्ध 5 श्रेणियों के माध्यम से विद्यालयों के विकास में सहयोग प्रदान कर सकती है।

## ज्ञान संकल्प पोर्टलः सहयोग हेतु उपलब्ध श्रेणियां


| Adopt a School | Create Your Own Project | Support a Project | Contribute to Mukhyamantri Vidyadaan Kosh | Donate to a School |
|---|---|---|---|---|
| • विद्यालय 5 वर्ष हेतु गोद लेना<br>• प्रथम वर्ष न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं हेतु खर्च के साथ तीन वर्षो का अनावर्ती व्यय | भामाशाह/कम्पनी द्वारा अपनी प्रायिकता के आधार पर राज्य के राजकीय विद्यालयो हेतु प्रोजेक्ट बनाकर विद्यालय विकास में सहयोग | पोर्टल पर विभाग द्वारा प्रदर्शित प्रोजेक्ट में सम्पूर्ण या आंशिक ईकाई हेतु योगदान देकर सहयोग करना | मुख्यमंत्री विद्यादान कोष में प्राप्त राशि का उपयोग राज्य सरकार की प्रायिकता के अनुरूप विद्यालयों के विकास हेतु किया जाता है। | विद्यालयों हेतु प्राप्त राशि को विद्यालयों की एसडीएमसी/एसएमसी द्वारा अपने स्तर पर विद्यालय विकास में उपयोग किया जाता है। |

**भामाशाह/संस्थानों हेतु क्रियान्वन के प्रकार–**

- स्वयं के द्वारा।
- भामाशाह/संस्थान की किसी सहायक एजेन्सी द्वारा।
- शिक्षा विभाग द्वारा।


**पोर्टल पर विभिन्न प्रकियाएं निम्न प्रकार से संधारित की जा सकती है–**

## 1. रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया:




- किसी भी इन्टरनेट ब्राउजर में वेबसाइट **www.gyansankalp.nic.in** ओपन करें।
- मुख्य पृष्ठ पर उपलब्ध रजिस्टर (Register) लिंक माध्यम से रजिस्ट्रेशन पृष्ठ पर जावें।
- दानदाता/कम्पनियां/संस्था (Indian resident/ Non-resident Indian(NRI)/ Company or Firm/ Organization) के प्रकार का चुनाव कर पृष्ठ पर प्रदर्शित विभिन्न कॉलम में सही सूचना प्रविष्ठ कर सबमिट करें।
- भारतीय नागरिक (Indian Resident) हेतु मोबाइल पर तथा Non-resident Indian(NRI)/ Company or Firm/ Organization हेतु ई–मेल पर वनटाइम–ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी को प्रविष्ट कर अपना पॉसवर्ड निर्माण करें।


## 2. लॉगिन प्रक्रिया:





- किसी भी इन्टरनेट ब्राउजर में वेबसाइट **www.gyansankalp.nic.in** ओपन करें।
- मुख्य पृष्ठ पर उपलब्ध लॉगिन (Login) लिंक माध्यम से लॉगिन पृष्ठ पर जावें।
- भारतीय नागरिक (Indian Resident) हेतु मोबाइल तथा Non-resident Indian(NRI)/ Company or Firm/ Organization हेतु ई–मेल को यूजर लॉगिन के रूप में उपयोग करें। तथा पासवर्ड में रजिस्टर करने के समय बनाये गये पासवर्ड का उपयोग करें।
- लॉगिन व पासवर्ड सही नहीं बताने के स्थिति में लॉगिन पेज पर उपलब्ध **Forget Password** लिंक के माध्यम से नवीन पासवर्ड का निर्माण कर पुनः लॉगिन करें।

## 3. पासवर्ड रिसेट प्रक्रिया:

- दानदाता/भामाशाह/कम्पनी के द्वारा पोर्टल पर लॉगिन के दौरान या लम्बे समय तक पोर्टल पर कार्य नहीं करने की स्थिति में **Forget Password** लिंक के माध्यम से नवीन पासवर्ड का निर्माण करें।
- नवीन पासवर्ड निर्माण के समय यूजर ऑलरेडी एजिस्ट/पूर्व में पोर्टल पर डोनेशन सम्बन्धित संदेश प्राप्त हो तो सर्वप्रथम लॉगिन पेज पर उपलब्ध Search User Here




लिंक के माध्यम से अपने पूर्व में उपयोग लिये गये यूजर आईडी की जानकारी करें।




- यदि उपरोक्त प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो ई–मेल पर मेल करें।
- पूर्व यूजर आईडी प्राप्त होने के पश्चात् भारतीय नागरिक (Indian Resident) हेतु मोबाइल पर तथा Non-resident Indian(NRI)/ Company or Firm/ Organization हेतु ई–मेल पर वनटाइम–ओटीपी के माध्यम से नवीन पॉसवर्ड निर्माण करें।

## 4. डोनेट टू ए स्कूल प्रक्रिया:

- दानदाता/भामाशाह/कम्पनी के द्वारा पोर्टल पर लॉगिन पर लॉगिन करें।
- **डोनेट टू ए स्कूल** का चयन करें। किसी भी विद्यालय को राशि डोनेट करने के लिए Donate Fund का चयन करें। किसी विद्यार्थी/विद्यालय उपयोगी सामग्री को डोनेट करने के लिए Donate Kind का चयन करें।
- जिला/ब्लॉक आदि का चयन कर इच्छित विद्यालय का चयन करें।
- दान दी जाने वाली राशि का इन्द्राज कर सबमिट करें।
- स्क्रीन पर प्रदर्शित सूचना को चेक कर कन्फर्म कर सबमिट करें। सबमिशन के उपरान्त प्रदर्शित स्क्रीन में से पेमेंट गेटवे का चयन कर राशि डोनेट करें।
- राशि डोनेट के उपरान्त पोर्टल पर चयनित विद्यालय के लॉगिन पर उपलब्ध ज्ञान संकल्प मेन्यू में प्रदर्शित हो जावेगी।
- यदि दानराशि की रसीद प्राप्त करने के लिए मुख्य पेज पर उपलब्ध **Download 80G Receipt (Registered And Guest Donars)** लिंक का उपयोग करें।